सार-समाचार

कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के चुनाव करवाए गए। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि चुनाव अधिकारी आर आर मित्तल द्वारा क्लब कि सत्र 2025-26 की कार्यकारिणी के निष्पक्ष चुनाव करवाए गए। जिसमें सत्र 2026-27 के अध्यक्ष पद पर प्रवीण गुप्ता को चुना गया एवं सत्र 2025-26 के लिए अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष गौरव सूद, सचिव डॉ.आरबी गुप्ता, जाइंट सैक्रेटरी चंदन गोयल, कोषाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, डायरेक्टर विनोद नायक, धर्मेश भटनागर, जय कुमार जैन, प्रवीण जायसवाल, रोहित अग्रवाल, रमेश मालव, हेमलता गुप्ता, ओम जैन सर्राफ, रवि मंडलोई, संदीप पालीवाल, मनीष बंसल, सुमित गुप्ता, अरुण उपाध्याय, प्रतिमा गोयल को चुना गया एवं सार्जेंट एट आर्म मंथन नागर, क्लब ट्रेनर डॉ.राकेश नागर होंगे। अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया एवं सभी नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दी एवं उज्जवल कार्यकाल की कामना की। साथ ही निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए चुनाव अधिकारी आर आर मित्तल को धन्यवाद दिया। अन्त में सचिव सचिव गौरव सूद ने सभी नव निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं चुनाव में उपस्थित सभी सदस्यों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान सुरेन्द्र अग्रवाल और उनकी कार्यकारिणी द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई और सामाजिक सरोकार के जो कार्य कराए गए उन्हें अविस्मर्णीय बताया। इस कार्यकाल में जहां चिकित्सा क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों को लाभांवित किया गया वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी स्वेटर वितरण, पाठ्य सामग्री वितरण, बैंच वितरण सहित अनेक सेवा कार्य किए गए।

प्रज्ञासागर महाराज का मंगल प्रवेश

कोटा, (निसं)। पुष्पगिरी प्रणेता आचार्यश्री पुष्पदंत सागर महामुनिराज के सुशिष्य तपोभूमि प्रणेता आचार्यश्री प्रज्ञासागर महाराज ससंघ का गुरुधाम फाटाखेड़ा मण्डाना में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। आचार्यश्री ससंघ रविवार प्रात: 08.30 बजे मण्डाना में भव्य अगवानी की गयी। तत्पश्चात दिल्ली मुम्बई हाईवे से एक भव्य शोभायात्रा के रूप में मंगलविहार करके आचार्यश्री ससंघ ने लगभग 9 बजे गुरुधाम फाटाखेड़ा, मण्डाना में मंगल प्रवेश किया। लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी संग भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने श्रीफल अर्पण करते हुए आरती कर मंगल प्रवेश में पहुंचकर पूज्यश्री की अगवानी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। पूज्य आचार्यश्री ससंघ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मप्रभावना में सहभागी बने। व्यवस्था आयोजक पुण्यार्जक परिवार लोकेश जैन-दीप्ति जैन (सीसवाली परिवार) द्वारा की गई है। श्री सकल दिगंबर जैन समाज समिति, कोटा जिलाध्यक्ष विमल जैन, महामंत्री विनोद टोरडी सहित पदाधिकारी एवं समस्त श्री सकल दिगंबर जैन समाजबंधुओं ने आचार्यश्री ससंघ की अगवानी कर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विजय दुगेरिया, कमलेश सांवला, कपिल जैन आगम, पारस जैन सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहें।

कांस्य पदक जीतने पर स्वागत किया

कोटा, (निसं)। कराटे की नेशनल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोटा निवासी जिशान जैद ने ब्रोंच मैडल जीतकर कोटा सहित देशवाली समाज का नाम रोशन किया है। देशवाली समाज के जिशान जैद ने इंदौर मध्यप्रदेश में आयोजित 68 वीं स्कूल नेशनल 19 आयुवर्ग छात्र कराटे प्रतियोगिता वर्ष 2024-25 में ब्रोंज मेडल प्राप्त किया है। जिशान की इस सफलता पर परिवार व समाज के लोगों ने हर्ष जाहिर किया है। देशवाली महासभा शिक्षा विकास संस्थान ने उनका अभिनंदन किया और उज्जव भविष्य की कामना की है। साथ में इनके वालिद और वालिदा साबिर हुसैन पीटीआई साहब का शौल और माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर प्रदेश अध्यक्ष हनीफ खान देशवाली की पूरी टीम ने स्वागत किया। इस दौरान हनीफ देशवाली ने कहा कि समाज की प्रतिभाएं जहां भी जिस भी फिल्ड में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं वहां उनका सम्मान समाज की ओर से किया जा रहा है ताकी अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिले। संस्था के कोषाध्यक्ष साहिल हुसैन, सदस्य नफीस मोहम्मद, इरफान गौड, फिरोज बोकड़ा ने भी जिशान जैद और उनके पूरे परिवार को बधाई दी।

शिविर में 508 रोगी लाभांवित

कोटा, (निसं)। दुआ हेल्प ऑर्गनाइजेशन ने रविवार दरगाह मील वाले बाबा, रंगपुर रोड़ पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया। संगठन के अध्यक्ष रेहबर खान के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने मर्ज की उचित सलाह प्राप्त की। रविवार को शिविर में प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं दीं। डॉ.इफ्फात फातिमा और डॉ.निजत फातिमा ने दंत चिकित्सा, डॉ.मोहित सैनी ने सामान्य चिकित्सा, और डॉ.अबरार शेख ने फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 508 रोगी लाभांवित हुए। रेहबर खान ने कहा, शिविर के माध्यम से हमने उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। शिविर में भाग लेने वालों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि दुआ हेल्प ऑर्गनाइजेशन स्वास्थ्य शिविरों, शैक्षिक कार्यक्रमों और सामाजिक सहायता गतिविधियों के माध्यम से समुदाय के कल्याण के लिए काम कर करता है।

श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

छबड़ा (निसं)। कस्बे के खेल मैदान मे चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन रविवार को रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य ने अपने श्रीमुख से श्रीकृष्ण जन्म का बड़ा ही सुंदर व मार्मिक चित्रण करते हुए कहा कि पृथ्वी पर दुष्टों का भार जब बढ़ गया था तक धर्म की रक्षा व लोक कल्याण हेतु लीलादानी प्रभु ने अवतार ग्रहण करने का निष्चय किया था। श्रीकृष्ण ने कृष्णपक्ष अष्टमी तिथि व रात्रि के बारह बजे अवतार लेकर यह सिद्ध किया कि जो सारे सभ्य समाज से भी त्याज्य है, जिसमें कमियां ही कमियां हैं, जो अकिंचन है वो भी मुझे प्रिय है, मैं उन्हें भी स्वीकार करता हूं।

डॉ. मनमोहन सिंह ने देश को आर्थिक मंदी से उभारकर विश्व को अचंभित किया

- देश के आमजन किसानों को रोजगार, अधिकार दिया : रविन्द्र त्यागी
- पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई

कोटा, (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर रविवार को गुमानपुरा स्थित कांग्रेस कार्यालय में शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनों ने डॉ. मनमोहन सिंह की चित्र पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि देकर सभा का आयोजन किया।

इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने मनमोहन सिंह को नमन करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से कांग्रेस पार्टी को आपूर्णिनीय क्षति हुई है उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह सच्चे देश भक्त थे।

उन्होंने जब विक्त मंत्री का कार्यभार संभाला जब भारत देश और विश्व आर्थिक मंदी से गुजर रहा था उनकी नीति से भारत देश आर्थिक मंदी उभारा तो पूरा विश्व अचंभित हो गया था वह जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने देश के किसानों और आमजन को आर्थिक सुधार, नरेगा, आधारकार्ड, माईलस्टोन भारत अमेरिका न्यूक्लियर डील, शिक्षा और सूचना का अधिकार जैसी योजना लाकर देश मे नई क्रांति लाकर देश को ऊंचाईयों पर पहुंचाया।

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि वर्तमान में बैठी मोदी सरकार हमेशा कांग्रेस के नेताओं की आलोचना करती रहती है कि कांग्रेस ने कुछ नहीं किया उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह कम बोलते थे और जब भी बोलते थे तो भारत देश के साथ साथ उनको पूरा विश्व सुनता था रविन्द्र त्यागी ने कहा कि उनकी योजनाओं पर कई देश अनुसरण कर रहे है।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को मनमोहन सिंह के सिद्धांतों और आदर्शों तथा उनकी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की सलाह दी यही हमारी सबसे बड़ी श्रद्धाजंलि होंगी।

डीसीसी उपाध्यक्ष जगदीश ठाड़ा ने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह की योजनाओं और आर्थिक सुधारों से देश मजबूत हुआ नई शिक्षा नीति और सूचना का अधिकार से आमजन को अधिकार मिला यह सब मनमोहन सिंह की देन है।

श्रद्धाजंलि सभा मे प्रमुख रूप से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष राखी गौतम, कोटा दक्षिण नगर निगम दक्षिण उपमहापौर पवन मीणा, प्रदीप मालवीय, संजय यादव, ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बिरवाल, जयेश श्रृंगी डॉ. विजय सोनी सेवादल अध्यक्ष प्रेमराज, पूर्व पार्षद अमोलक देवी, मालती शर्मा, डीसीसी सचिव पुनम पंवार, पार्षद सलिना शेरी, पूर्व सेवादल अध्यक्ष हंसराज गोस्वामी, हेमंत चतुर्वेदी, विजय गुप्ता, नरेश मेघवाल, मंजू चौधरी, आदी कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोको पायलटों के साथ कवच तकनीक के उपयोग को लेकर सेमिनार आयोजित

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी की अध्यक्षता में कोटा मंडल की संकेत एवं दूर संचार गति शक्ति इकाई द्वारा एक वर्चुअल जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य लोको निरीक्षकों और लोको पायलटों को कवच तकनीक के प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

सेमिनार में कोटा मंडल और क्षेत्रीय रेलवे प्रक्षिक्षण संस्थान उदयपुर के यातायात, विद्युत, परिचालन और संकेत एवं दूर संचार विभाग के 10 अधिकारी, निरीक्षक, सुपरवाईजर और प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया।

इसके साथ ही इस सेमिनार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से क्षेत्रीय रेलवे प्रक्षिक्षण संस्थान उदयपुर में प्रशिक्षण कर रहे कुल 613 रेलकर्मियों जिसमें लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, पॉइंट्समैन, आपदा प्रबंधन स्टाफ, जेई सिग्नल और सिग्नल तकनीशियन भी जुड़े। दो घंटे से अधिक चले इस मैराथन सत्र में प्रतिभागियों ने कवच तकनीक के उपयोग और विभिन्न परिस्थितियों में इसके व्यवहार से संबंधित अपनी शंकाओं और सवालों को रखा।

इनका समाधान कोटा संकेत एवं दूर संचार गतिशक्ति यूनिट ने प्रायोगिक वीडियो और चित्र प्रस्तुति के माध्यम से किया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस सेमिनार के माध्यम से प्रतिभागियों को कवच तकनीक के सही उपयोग और इसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।

इस पहल को रेलवे सुरक्षा और संचालन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। इससे कोटा-मथुरा खंड में परिचालन, सुरक्षा और संरक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। संचालन टीम से अनुरोध किया गया कि कोटा-मथुरा खंड में ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) की पूरी क्षमता का उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

पौषबडा महोत्सव शुरू

बूंदी (निसं)। रविवार को प्रात: जन-जन के आराध्य श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर मंगला आरती के साथ पौषबडा महोत्सव शुरूआत शंखनाद से हुई। यहां श्री चारभुजा नाथ को पुआ, पकौडी, पंचमेवा एवं कत्त का भेग लगा कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

श्री चारभुजा विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग ने बताया की पौष माह के महीने में वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार पंडित पूर्ण चतुर्वेदी ने श्री चारभुजा नाथ की प्रतिमा का श्रृंगार किया और शंखनाद कर आरती उतारी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से ओम जय जगदीश हरे, श्री रामचंद्र कृपालु भजमन, भगवान भोलेनाथ एवं पांच देवों की आर्तियां गाकर भगवान को रिझाया।

पुलिस ने मादक पदार्थ स्मैक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

- 26 ग्राम स्मैक व तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त की

कोटा, (निसं)। सांगोद पुलिस टीम ने वाहन चैकिंग के दौरान कार्यवाही करते हुए 26 ग्राम 80 मिलीग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, साथ ही घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर की बाईक को भी जप्त किया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पकड़ी गई अवैध मादक पदार्थ स्मैक की बाजार में अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब छह लाख रूपये बताई गई। कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि सांगोद पुलिस उपअधीक्षक अभय कुमार के निर्देशन एवं सांगोद थाने के उपनिरिक्षक थानाधिकारी लाखनसिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सांगोद क्षेत्र में मामा भांजा रेस्टोरेन्ट के समीप जोल्पा रोड़ चतरपुर पर वाहन चैकिंग के दौरान खानपुर की ओर से बिना नम्बर की बाईक को रोककर बाईक सवार संदिग्ध लगने पर तलाशी ली गई तो पप्पू तंवर के पास से थैली मिली जिसमे भूरे रंग का पाउडर था। जिस पर प्रभुलाल व पप्पू तंवर ने पूछताछ पर स्मैक होना बताया जिसका कुल वजन 26 ग्राम 80 मिलिग्राम होना पाया गया।

कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद होने पर सांगोद पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए डूगंर गांव निवासी पप्पू तंवर (22) और प्रभुलाल (35) को गिरफ्तार कर लिया एवं तस्करी में प्रयुक्त बिना नम्बर की बाईक को भी जप्त कर लिया। कोटा ग्रामीण एसपी ने बताया कि पकड़े गये दोनों आरोपियों से घटना में शमिल अन्य आरोपियों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है।

OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT CHHIPABAROD
PANCHAYAT SAMITI CHHIPABAROD BARAN (RAJ.)

Sr. No.ग्रा.प./2024-25/918-920 Date : 27.12.2024

Notice Inviting Bid

Bids for works are invited from interested bidders up to 05.01.2025 at 6.00 PM other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (httpp://sppp.raj.nic.in, http://eproc.raj.nic.in) of the state.
UBN- ZBR2425WSRC00854

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत छीपाबड़ौद, पं.स. छीपाबड़ौद
सरपंच, ग्राम पंचायत छीपाबड़ौद, पं.स. छीपाबड़ौद

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/14835 दिनांक:-26.12.24

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत् सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेश कुमार चांदवानी पुत्र श्री स्व. श्री प्रताप चन्द चांदवानी निवासी-592 शास्त्री नगर दादाबाडी एल.आई.जी.एच. कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखण्ड संख्या-592 शास्त्री नगर दादाबाडी एल.आई.जी.एच. कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या-592 शास्त्री नगर दादाबाडी एल.आई.जी.एच. कोटा क्षेत्रफल-1800 वर्ग फुट का 99 वर्षीय पट्टेदारी पर विक्रय (नीलाम) कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल परियोजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक-लेखा/मण्डी/3496 दिनांक 10.10.1969 को श्री प्रतापचन्द चान्दवानी पुत्र श्री भूरजराम को किया गया। श्री प्रतापचन्द चान्दवानी पुत्र श्री भूरजराम की मृत्यु दिनांक 03.01.2006 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्रीमती यशोदा रानी चांदवानी पत्नी स्व.श्री प्रतापचन्द चान्दवानी व उषा बेन आहुजा पुत्री स्व.श्री प्रतापचन्द चान्दवानी एवं श्रीमती हीना बेन हरूमलानी पुत्री स्व.श्री प्रतापचन्द चान्दवानी द्वारा अपना हक श्री महेश कुमार चांदवानी पुत्र श्री स्व.श्री प्रताप चन्द चांदवानी के पक्ष में त्याग दिया है। उनके एकमात्र विधिक वारिसान श्री महेश कुमार चांदवानी पुत्र श्री स्व.श्री प्रताप चन्द चांदवानी है। श्री महेश कुमार चांदवानी पुत्र श्री स्व.श्री प्रताप चन्द चांदवानी के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम, कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा दक्षिण

पूर्व मंत्री ने भाजपा सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया

कोटा, (निसं)। पूर्व यूडीएच मंत्री और कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला हैं। रविवार को पेंशनर समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कोटा महोत्सव, मिनी सचिवालय, रिवर फ्रंट के प्रचार प्रसार, राइजिंग राजस्थान, कोटा शहर में करवाये गए विकास कार्यों को पर्यटन विभाग द्वारा बुकलेट में शामिल नहीं करने सहित राज्य सरकार की 1 साल की उपलब्धियां को लेकर निशाना साधा।

धारीवाल ने कहा राइजिंग राजस्थान में एमओयू करने से कुछ नहीं होता है, निवेश आना चाहिऐं। मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में एक दो बाघ शिफ्ट करने से कुछ नहीं होगा। पर्यटन को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में बाघ शिफ्ट होना चाहिए। सीएम की मौजूदगी में कल आयोजित हुई कोटा संभाग की बेठक को लेकर भी उन्होंने व्यंग्य बाण छोड़े और मंच पर आसीन भाजपा विधायक संदीप शर्मा को भी सरकार के सामने आवाज उठाने की सलाह दे डाली। कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर भी धारीवाल ने कहा कि जयपुर एयरपोर्ट के लिए अभी 6 हजार करोड़ की राशि मिली है लेकिन कोटा एयरपोर्ट के लिए आज तक कोई बजट क्यों नही मिला। उन्होंने कहा कि चंबल नदी में आज भी अपस्ट्रीम में नाले नदी में मिल रहे हैं और इस पानी को फिल्टर करके सप्लाई किया जा रहा है। इसके साथ ही देवनारायण नगर योजना, रिवर फ्रंट के प्रचार-प्रसार कद लिए रिजर्व 64 करोड़ का उपयोग नहीं लेने और अब कोटा महोत्सव का आयोजन करवाने सहित अन्य विकास कार्यों को लेकर निशाना साधा। पुराने एयरपोर्ट की जमीन पर मिनी सचिवालय की जगह के बदलाव के साथ बीजेपी सरकार द्वारा जिलों को निरस्त करने के मुद्दे को लेकर भी उन्होंने निशान साधा। रविवार को कोटा प्रवास के दौरान पूर्व मंत्री विधायक शांति धारीवाल ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की।

नए साल से 14 साप्ताहिक ट्रेनों का संचालन कोटा की बजाय सोगरिया स्टेशन से होगा

कोटा, (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को देखते हुए नए साल में 14 साप्ताहिक ट्रेनों को सोगरिया होकर संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों का संचालन कोटा की बजाय सोगरिया से किया जाएगा। गाड़ी संख्या 18208 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, दिनांक 07 जनवरी से सोगरिया 01.15 बजे आगमन एवं 01.25 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 18214 अजमेर-दुर्ग एक्सप्रेस, दिनांक 06 जनवरी से 01.15 बजे आगमन एवं 01.25 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 18574 भगत की कोठी-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस, दिनांक 04 जनवरी से 05.20 बजे आगमन एवं 05.30 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 18010 अजमेर-संतरागाछी एक्सप्रेस, दिनांक 05 जनवरी से 05.45 बजे आगमन एवं 05.55 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 19608 मदार-कोलकाता एक्सप्रेस, दिनांक 06 जनवरी से 05.45 बजे आगमन एवं 05.55 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 20971 उदयपुर सिटी-शालीमार एक्सप्रेस, दिनांक 04 जनवरी से 05.45 बजे आगमन एवं 05.55 प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 13424 अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस, दिनांक 04 जनवरी से 12.10 बजे आगमन एवं 12.20 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 18573 विशाखापत्तनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस दिनांक 02 जनवरी से 09.00 बजे आगमन एवं 09.10 प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 18207 दुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, दिनांक 06 जनवरी से 10.25 बजे आगमन एवं 10.35 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 18213 गुर्ग-अजमेर एक्सप्रेस, दिनांक 05 जनवरी से 10.25 बजे आगमन एवं 10.35 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस, दिनांक 03 जनवरी से 21.05 बजे आगमन एवं 21.15 बजे प्रस्थान करेगी।

गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता-मदार एक्सप्रेस, दिनांक 02 जनवरी से 21.05 बजे आगमन एवं 21.15 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 20972 शालीमार-उदयपुर सिटी एक्सप्रेस दिनांक 05 जनवरी से 23.25 बजे आगमन एवं 23.35 बजे प्रस्थान करेगी, गाड़ी संख्या 13423 भागलपुर-अजमेर एक्सप्रेस, दिनांक 02 जनवरी से 15.30 बजे आगमन एवं 15.40 बजे प्रस्थान करेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि इन साप्ताहिक ट्रेनों में रेलयात्रा का लाभ कोटा की बजाय सोगरिया स्टेशन से निर्धारित समय पर पहुँचकर लें। असुविधा से बचने के लिए समय-सारणी की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

।।जय गुरुदेव।।
जय मां ।।ॐ श्री विक्रान्त महाभैरवाय नम:।। जय बाबा

पुण्य स्मरण ! 30 दिसम्बर, 1996

स्व. श्री नवल किशोर अग्रवाल "किशोर भारती"
राष्ट्रीय कवि, उद्योगपति एवं समाज सेवी

श्रद्धावनत : श्रीमती पंचम अग्रवाल (धर्मपत्नी),
संजय-राजश्री, राजीव (महापौर, कोटा दक्षिण)-कृष्णा, रविन्द्र, ज्ञानेश-भारती, कृष्ण-गुंजन (पुत्र-पुत्रवधु), आदित्य, विक्रम, नव्य, यश, कनक, वेदांश अग्रवाल (पौत्र), समस्त परिवारजन एवं सहकर्मी।

SANJAY Plastics & Industrial Services | SUNTECH ENGINEERS(INDIA) | NK TEMPLES PVT.LTD.

भाजपा कोटा शहर ने बूथ स्तर पर मोदी के मन की बात सुनी

- कार्यक्रम कोटा शहर के भाजपा के सभी 14 मण्डलों में बूथ स्तर पर देखा

कोटा, (निसं)। भाजपा कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन व मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक देवेंद्र राही, सहसंयोजक कुलदीप सिंह तलवार के सानिध्य में भाजपा कोटा शहर द्वारा रविवार को सभी 14 मण्डल में बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

सभी जनप्रतिनिधियों, मुख्य संगठन, मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों सहित भाजपा कार्यकर्ताओ ने अनेको स्थानो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को देखा व सुना। भाजपा केशवपुरा मंडल वार्ड 74 की भाग संख्या 114 में भाजपा पधधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रविवार को मन की बात कार्यक्रम का 117वॉ एपिसोड टेलीविजन पर लाईव देखा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृषि सहित अन्य कई महत्वपूर्ण बातों पर देशवासियों को संबोधित किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष व मन की बात कार्यक्रम के जिला सयोंजक देवेंद्र राही, सह-संयोजक व भाजपा नेता कुलदीप सिंह तलवार, केशवपुरा मंडल अध्यक्ष पारस खींची, वार्ड 74 के भाग संख्या 114 के बूथ अध्यक्ष श्याम कसेरा, भाग संख्या 113 के बूथ अध्यक्ष युगल यादव, कुशाग्र शर्मा अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कुन्हाडी मण्डल में पार्षद राकेश पुटरा के नेतृत्व में कमला उद्यान स्थित कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को टीवी पर देखा व सुना। इस दौरान महावीर गोस्वामी, महावीर मार्बल, दीपक सुमन, विष्णु लोधा, राजेश शर्मा, अरुण गोस्वामी, शिवचरण कौशिक, महावीर सुमन, सपना सुमन, हर्षिता सिंह, रजनी गोचर, बंटी सुमन, निक्की नामा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम कोटा शहर के भाजपा के सभी 14 मण्डलों में बूथ स्तर पर देखा व सुना गया।

कार्यक्रमों में 14 मण्डल के मण्डल अध्यक्ष सहित मण्डल में निवासरत जनप्रतिनिधि, प्रदेश से लेकर बूथ स्तर के सभी पदाधिकारी, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।